Daily Current Affairs 17 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 13 अगस्त को मनाया गया विश्व अंगदान दिवस
• प्रतिवर्ष 13 अगस्त को विश्व भर में विश्व अंगदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस अंग दान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके अलावा भारत में प्रत्येक वर्ष 27 नवंबर को “राष्ट्रीय अंगदान दिवस” मनाया जाता है। यह अंग दान के मिथकों को दूर करने के लिये यह दिन मनाया जाता है। लोगों को मृत्यु के बाद अपने स्वस्थ अंगों को दान करने के लिये प्रोत्साहित करना चाहता है इससे अधिक लोगों की जान बच सकती है।

2. डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 131वाँ सत्र हुआ शुरू
• 16 अगस्त, 2022 को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 131वाँ सत्र शुरू हुआ है। टूर्नामेंट में 20 टीमें शामिल होंगी, सभी को पाँच-पाँच टीमों के चार समूहों में बाँटा गया है। डूरंड कप का आयोजन पहली बार पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर के कई शहरों में किया जा रहा है।
• दुनिया का तीसरा सबसे पुराना और एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप पहली बार वर्ष 1888 में डगशाई (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित किया गया था और इसका नाम मोर्टिमर डूरंड के नाम पर रखा गया था, जो उस समय भारत के प्रभारी विदेश सचिव थे।

3. 15 अगस्त पर पहली बार दी गई देश में बनी तोप से सलामी
• 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर स्वदेश में विकसित होवित्ज़र तोप ATAG लाल किले पर 21 तोपों की सलामी का हिस्सा बनी। पहली बार स्वदेशी होवित्जर तोप, एटीएजी (ATAG) 21 तोपों की सलामी का हिस्सा बनी है।

4. इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2022 में रणवीर सिंह और शेफाली शाह को मिला बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस का अवार्ड
• हाल ही में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM)अवॉर्ड्स 2022 के विजेताओं की घोषणा की गई है। ऑस्ट्रेलिया में हर साल आयोजित होने वाले इस अवार्ड समारोह में भारत की कुछ सबसे प्रमुख और प्रशंसित फिल्मों, टीवी शोज और वेब सीरीज की स्क्रीनिंग करके इंडियन फिल्म इंडस्ट्री का जश्न मनाता है।
• फ़िल्म '83' में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव की भूमिका में अपने करियर का बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह को प्रतिष्ठित इंडियन फ़िल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IIFM) में बेस्ट एक्टर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। इस फेस्टिवल में शेफाली शाह को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है।

5. 85 साल में पहली बार फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ को किया निलंबित

Daily Current Affairs 17 August 2022

• विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फीफा के नियमों के गंभीर उल्लंघन की वजह से यह निर्णय लिया गया है।
• AIFF को अपने 85 साल के इतिहास में पहली बार फीफा से निलंबन झेलना पड़ा है।
• AIFF को सस्पेंड करने का मतलब है कि अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप टूर्नामेंट, जो कि देश में 11 अक्तूबर से 30 अक्तूबर के बीच में आयोजित होने वाला था, अब तय समय पर नहीं होगा। इसकी मेजबानी भारत से छीनी भी जा सकती है।

6. ब्रिटेन ओमिक्रॉन वैक्सीन को मंजूरी देने वाला पहला देश बना
• ब्रिटेन ने ओमिक्रॉन वैरिएंट के लिए पहली बार कोविड-19 वैक्सीन को अधिकृत किया है। इसके साथ ही ऐसा करने वाला ब्रिटेन पहला देश बन गया है। वैक्सीन को अधिकृत करने से अब मॉडर्ना के टू-स्ट्रेन शॉट का उपयोग करके ऑटम बूस्टर अभियान के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।
• इस वैक्सीन के लिए सशर्त प्राधिकरण मेडिसिन्स एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी अथॉरिटी (MHRA) द्वारा प्रदान किया गया था। यह दुनियाभर में पहला प्राधिकरण भी था, जिसने मूल कोविड-19 वैक्सीन को मंजूरी दी थी।

7. भारत में 16 अगस्त को मनाया गया नवरोज उत्सव
• भारत में 16 अगस्त, 2022 को नवरोज उत्सव मनाया गया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पारसी नव वर्ष 'नवरोज़' की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है।
• नवरोज़ को पारसी नववर्ष के नाम से भी जाना जाता है। फारसी में 'नव' का अर्थ है नया और 'रोज़' का अर्थ है दिन, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'नया दिन'(New Day)। हालांकि वैश्विक स्तर पर इसे मार्च में मनाया जाता है। नवरोज़ भारत में 200 दिन बाद आता है और अगस्त के महीने में मनाया जाता है क्योंकि यहां पारसी शहंशाही कैलेंडर को मानते हैं जिसमें लीप वर्ष नहीं होता है।

8. भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने मंथन का शुभारंभ किया
• देश के भीतर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों को सक्षम और सशक्त बनाने के विज़न के दायित्व का वहन करने वाले भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय ने मंथन मंच के शुभारंभ की घोषणा की है।
• इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित सतत विकास लक्ष्यों (SDG) चार्टर के अनुरूप भारत के सतत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उद्योग और वैज्ञानिक अनुसंधान तथा विकास पारिस्थितिकी तंत्र के बीच बड़े पैमाने पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

9. जम्मू-कश्मीर ने ग्राम रक्षा गार्ड योजना की शुरू
• जम्मू-कश्मीर सरकार ने सीमा पार से प्रेरित और समर्थित आतंकवादी कृत्यों की घटनाओं को रोकने और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा ग्रिड को बढ़ावा देने के लिए 'ग्राम रक्षा गार्ड योजना 2022 को मंजूरी दी है। यह योजना 15 अगस्त, 2022 से लागू हो गई है। इस योजना के निर्माण की मंजूरी गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संदर्भित संचार के माध्यम से दी गई मंजूरी के अनुसरण में दी गई है।

10. भारत ने श्रीलंका को सौंपा पहला डोर्नियर

Daily Current Affairs 17 August 2022

• विमानहाल ही में भारत ने एक समारोह के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की उपस्थिति में श्रीलंका की नौसेना को डोर्नियर 228 समुद्री निगरानी विमान सौंपा है।

• भारतीय नौसेना के उप-प्रमुख वाइस एडमिरल एस.एन. घोरमडे और कोलंबो में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने कटुनायके में श्रीलंका एयरफोर्स बेस पर उपहारस्वरूप यह विमान सौंपा। इसका मक़सद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को और बढ़ावा देना है। यह श्रीलंका की तत्काल सुरक्षा आवश्यकता को पूरा करने में मददगार होगा।